

# भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर जानलेवा गड्ढा

**टोल टैक्स की दरों में भारी बढ़ोतरी, लेकिन सड़कों की मरम्मत के नाम पर सिर्फ 'खानापूर्ति'**

**अदनान खान**

**सलामतपुर, 7 जुलाई. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 इन दिनों राहगीरों के लिए सफर नहीं, बल्कि 'सफरिंग' (परेशानी) का सबब बन चुका है. सलामतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी पुलिस चौकी के ठीक सामने मुख्य सड़क पर एक ऐसा जानलेवा गड्ढा हो चुका है, जो आए दिन वाहन चालकों को अपना शिकार बना रहा है.**

स्थानीय लोगों और राहगीरों की मानें तो इस अकेले गड्ढे के कारण अब तक कम से कम 13 लोग गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त होकर अपने हाथ-पैर तुड़वा चुके हैं. इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है.

जनता पर इस समय दोहरी मार पड़ रही है. एक तरफ जहाँ मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम एमपीआरडीसी भदभदा पर टोल टैक्स का नाका लगाकर कमर्शियल और अन्य वाहनों से लगातार बढ़ी हुई दरों के साथ मनमाना टोल वसूल रहा है, वहीं दूसरी तरफ सुरक्षा और सुविधा के नाम पर शून्य दिखाई दे रहा है. इस खतरनाक गड्ढे और हाईवे की खस्ताहाल स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों और सलामतपुर के वाहन चालकों द्वारा कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं. लेकिन एमपीआरडीसी के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है. हाईवे की मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति और लीपापोती कर दी जाती है, जो पहली ही बारिश या भारी वाहनों के दबाव में उखड़ जाती है. क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि पुरानी पुलिस चौकी के सामने का यह स्पॉट अब 'ब्लैक स्पॉट' में तब्दील होता जा रहा है. यदि समय रहते इस जानलेवा गड्ढे को स्थाई रूप से ठीक नहीं किया गया और हाईवे की अन्य कमियों को दुरुस्त नहीं किया गया, तो क्षेत्र की जनता चक्काजाम और टोल प्लाजा पर उग्र प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी. फिलहाल, जनता टैक्स देने के बाद भी जान जोखिम में डालकर सफर करने को विवश है.

# ट्रेन से गिरने से नेपाली युवक की मौत

**पनवेल से बाराबंकी जा रहा था युवक**

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 7 जुलाई. मंगलवार सुबह सलामतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महुआनाला रेलवे ट्रैक के पास ट्रेन से गिरने से एक युवक की मौत हो गई.**

मिली जानकारी के अनुसार मुंबई के पनवेल में काम करने वाला 22 वर्षीय नेपाली युवक उमेश चौधरी, जो ट्रेन से बाराबंकी (उत्तर प्रदेश) जा रहा था, हादसे का शिकार हो गया. आशंका जताई जा रही है कि गीदगढ़ महुआनाला के पास खंभा नंबर 859 से 860 के बीच वह ट्रेन के गेट पर खड़ा था, तभी अचानक



संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया. उसका शव रेलवे पुल के नीचे बरामद हुआ है.

सलामतपुर रेलवे स्टेशन से मेमो मिलने के बाद थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रायसेन जिला चिकित्सालय भेजा है. मृतक के पास से एक रेल टिकट, मोबाइल और 7,700 नकद बरामद हुए हैं. मृतक की पहचान उमेश चौधरी (22 वर्ष), पिता संतोष चौधरी, निवासी कपिलवस्तु, नेपाल के रूप में हुई हैं. पुलिस के अनुसार, परिजनों के सलामतपुर पहुंचने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है.

## मर्चुरी न होने से बढ़ी परिवार की परेशानी

इस हादसे ने स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाली और संवेदनहीनता को एक बार फिर उजागर कर दिया है. सलामतपुर स्वास्थ्य केंद्र में बीते कई वर्षों से मर्चुरी रूम (शव गृह) की सुविधा नहीं है. इसके चलते किसी भी हादसे या अनहोनी के बाद परिजनों को अपनों के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए दर-दर भटकना पड़ता है.

## इनका कहना है.

'मंगलवार सुबह स्टेशन से मेमो मिला था कि गीदगढ़ महुआनाला के पास रेलवे पुल के नीचे एक युवक का शव पड़ा है. तत्काल पुलिस बल भेजकर शव को रायसेन चिकित्सालय भिजवाया गया. मृतक की पहचान नेपाल निवासी उमेश चौधरी के रूप में हुई है. मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है. परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा.'

**श्यामराज सिंह,**
थाना प्रभारी, सलामतपुर

## नियमों की मार

नियमानुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए या तो 20 किलोमीटर दूर रायसेन जिला मुख्यालय ले जाना पड़ता है या 8 किलोमीटर दूर सांची सिविल अस्पताल ले जाना पड़ता है. विडंबना देखिए कि सांची सिविल अस्पताल में भी वर्तमान में मर्चुरी रूम का रिनोवेशन (मरम्मत) चल रहा है, जिसके कारण वहाँ भी पोस्टमार्टम की सेवा बंद है. आखिरकार, इस मामले में भी पुलिस और परेशान परिजनों को शव को रायसेन भेजना पड़ा, जिससे शोकाकुल परिवार को भारी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है. स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मर्चुरी रूम की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है.

## सड़कों पर मवेशी वाहन चालक परेशान

**सिलवानी, 7 जुलाई.** नगर में हुई बारिश के बाद प्रमुख सड़कों पर निराश्रित मवेशियों का जमावड़ा एक बार फिर लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है. बरेली रोड, सागर रोड तथा सिविल अस्पताल के सामने बड़ी संख्या में मवेशी सड़क पर बैठे और विचरण करते नजर आए, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है और राहगीरों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. सड़क के बीचों-बीच मवेशियों के बैठे रहने से दोपहिया एवं अन्य वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन निकालने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. कई बार अचानक मवेशियों के सामने आ जाने से वाहन चालकों को ब्रेक लगाने की स्थिति बन जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है.

# एएसपी ने विद्यार्थियों को बताए साइबर सुरक्षा के तरीके

**दीवानगंज के निजी स्कूल में 'सेफ क्लिक टू' अभियान**

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 7 जुलाई. रायसेन जिले के दीवानगंज स्थित एक निजी विद्यालय में पुलिस विभाग द्वारा संचालित 'सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना और उन्हें एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण प्रदान करना था.**

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक नायक ने विद्यार्थियों को संबोधित किया. उन्होंने रोजमर्रा की जिंदगी में बढ़ने वाले साइबर



क्राइम के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं. एएसपी नायक ने छात्रों को समझाया कि इंटरनेट का उपयोग करते समय किन बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है.

उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे इंटरनेट और स्मार्टफोन का उपयोग पूरी जिम्मेदारी के साथ करें. यदि उनके साथ या उनके आसपास किसी के साथ भी कोई संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि या धोखाधड़ी होती है, तो इसकी सूचना तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस को दें. कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित स्कूल का स्टाफ सलामतपुर थाना प्रभारी श्याम राज सिंह, दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा और पुलिस विभाग का अन्य स्टाफ उपस्थित था. उल्लेखनीय है कि यह पूरा अभियान रायसेन पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के कुशल निर्देशन में पूरे जिले में चलाया जा रहा है. 'सेफ क्लिक टू' अभियान का ध्येय विद्यार्थियों, जनता को साइबर ठगों के चंगुल से बचाना तथा उन्हें डिजिटल रूप से साक्षर और सुरक्षित बनाना है.

## डिजिटल सुरक्षा के मुख्य बिंदु

- किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें.
- लॉटरी, इनाम या संदिग्ध ऑफर्स वाले फर्जी लिंक्स पर क्लिक करने से बचें.
- सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारियां और तस्वीरें सोच-समझकर ही साझा करें.
- किसी भी अनजान कॉल या मैसेज के झांसे में आकर बैंक संबंधी जानकारी न दें.

## एक नजर में



### कलेक्टर ने जनसुनवाई में समस्याओं का किया निराकरण

**रायसेन, 7 जुलाई.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया. कलेक्टर विश्वकर्मा ने जनसुनवाई में आए आवेदकों से उनकी समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए निराकरण किया. कुछ प्रकरणों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण हेतु निर्देशित किया. कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक निराकरण किया जाए. जनसुनवाई में लगभग 123 आवेदन प्राप्त हुए. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे.

### 24 घंटे में 20.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन, 7 जुलाई.** जिले में 01 जून 2026 से 07 जुलाई 2026 तक 207.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई तथा गत वर्ष इसी अवधि में 354.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून 2026 से 07 जुलाई 2026 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 206.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 200.4, बेगमगंज में 347.2, सिलवानी में 166.4, गौहरगंज में 181, बरेली में 222.8, उदयपुरा में 275, बाड़ी में 164.5, सुल्तानपुर में 166.4 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 144.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है. जिले में बीते 24 घंटे में 07 जुलाई 2026 को सुबह तक 20.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 10 मिलीमीटर, गैरतगंज में 25.6, बेगमगंज में 3.7, सिलवानी में 34.4, गौहरगंज में 32.5, बरेली में 28, उदयपुरा में 29, बाड़ी में 21.5, सुल्तानपुर में 22.3 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 0.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है.

# बारिश से किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**उमस भरी गर्मी से मिली राहत, बोवनी ने पकड़ी रफ्तार**

**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी, 7 जुलाई. सिलवानी नगर एवं आसपास के अंचल में पिछले दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है. अच्छी वर्षा के चलते मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया है और लंबे समय से उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली है.**

लगातार दो दिनों से हो रही बारिश ने क्षेत्र में मानसून की



सक्रियता को और मजबूत कर दिया है. नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छी वर्षा दर्ज की गई. बारिश के दौरान सड़कों पर पानी बहता नजर आया, जबकि वातावरण में ठंडक घुलने से लोगों ने राहत की सांस ली. लगातार हो रही वर्षा से खेतों में पर्याप्त नमी बनने लगी है, जिससे किसानों का उत्साह बढ़ गया है. किसान अब सोयाबीन, मक्का, उड़द, सहित अन्य खरीफ फसलों की बोवनी में तेजी से जुट गए हैं. गांवों में ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्र लगातार खेतों में कार्य करते दिखाई दे रहे हैं. किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी समय-समय पर इसी प्रकार अच्छी वर्षा होती रही तो खरीफ फसलों के लिए यह बेहद लाभदायक साबित होगी और इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद और मजबूत होगी. ? लगातार हो रही वर्षा ने पूरे सिलवानी अंचल में खेती-किसानी की गतिविधियों को गति दे दी है. समय पर हुई बारिश से किसानों में नई उम्मीद जगी है और उनके चेहरों पर बेहतर फसल की उम्मीद साफ दिखाई देने लगी है.



# वर्षा ने बिगाड़ा रसोई का बजट, सब्जियां खाने लगी हैं 'भाव'

**हरी मिर्च 60, गिलकी, भिंडी 40 और पालक 50 रुपये**

**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी, 7 जुलाई. मानसून के सक्रिय होते ही नगर की सब्जी मंडी में सब्जियों के दाम बढ़ने लगे हैं. लगातार बारिश के कारण खेतों में जलभराव, फसलों की तुड़ाई में परेशानी और परिवहन व्यवस्था प्रभावित होने से हरी व मौसमी सब्जियों की आवक कम हो गई है. इसका सीधा असर थोक और सिलवानी बाजार में दिखाई देने लगा है.**

व्यापारियों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहा तो अधिकांश सब्जियों के दाम में और तेजी आ सकती है. हालांकि आलू, प्याज भाव अभी अपेक्षाकृत नियंत्रित है, जैसी कुछ आवश्यक सब्जियों के लेकिन हरी सब्जियों और मसालों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं. बारिश से प्रभावित हुई आवक, बढ़ने लगे दाम लगातार बारिश के कारण खेतों से मंडी तक सब्जियां पहुंचाने में जलभराव और कीचड़ के कारण कठिनाई हो रही है.

कई क्षेत्रों में फसल की तुड़ाई प्रभावित हुई है, वहीं परिवहन खर्च भी बढ़ गया है. इसके सामान्य दिनों की तुलना में कम हो गई चलते मंडी में सब्जियों की आवक है. बरसात का सबसे अधिक असर जल्दी खराब होने वाली हरी व पत्तेदार सब्जियों पर पड़ा है. वहीं टमाटर और लहसुन के भाव भी बढ़े हुए है. विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार नमी और बारिश से फसलों में रोग लगने का खतरा बढ़ जाता है.

## सब्जियों के भाव

| | |
|---|---|
| गिलकी -40 | मेथी -80 |
| भिंडी -40 | खीरा -40 |
| हरी मिर्च -60 | पालक-50 |
| पत्तागोभी -30 | टमाटर -40 |
| फूल गोभी - 50 | लहसुन -80 |
| | प्याज-40 |

# खेतों में पर्याप्त नमी के बाद ही किसान करें बोवाई

**कृषि विभाग ने की एडवायजरी जारी**

**रायसेन, 7 जुलाई. मौसम की अनिश्चितता के बारे में लगाए जा रहे अनुमानों के बाद भी किसान भाईयों को चिन्तित होने की आवश्यकता नहीं है. खरीफ की बुआई के लिए कुछ सावधानियां अपनाकर किसान उत्पादन में स्थिरता बनाए रख सकते हैं. कुछ जिलों में अल्प वर्षा को देखते हुए खरीफ फसलों की बोवाई में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए.**

जब तक खेतों में पर्याप्त नमी न हो जाए, तब तक बुआई करना जोखिम पूर्ण हो सकता है. कृषि विकास विभाग ने वैज्ञानिकों के परामर्श से किसानों को सलाह दी है. संचालक कृषि उमाशंकर भार्गव ने इस संबंध में मैदानी अमले को किसानों से सतत संपर्क करने के अधीनस्थ कार्यालयों को निर्देश जारी किए हैं. सामान्य रूप से 4 इंच यानि लगभग 1 बालिश्त की गहराई तक नमी होने तथा बतर आने के बाद बोवाई की आदर्श स्थिति मानी जाती है. वर्तमान में पूरी तरह मानसून की सक्रियता न होने के कारण बोवाई के लिए किसानों को प्रतीक्षा करने की आवश्यकता है. जिन किसान के पास सिंचाई की पर्याप्तता हो उन्हें मृदा की उर्वरता बढ़ाने के लिये ढैंचा या सनई की बुवाई हरित खाद के रूप में करना चाहिये. जिन क्षेत्रों में पूर्व में वर्षा हुई है, वे भी हरित खाद या ग्रीन मैन्योरिंग हेतु फसलें बो सकते हैं. बुवाई के लिए तैयार खेतों में आधार खाद जैसे गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट एवं उर्वरक जैसे सुपर फॉस्फेट, म्यूरेट ऑफ पोटास और जिंक सल्फेट तथा जिप्सम आदि को खेत में बोवाई या छिड़काव द्वारा मिलाया जा सकता है.

किसान, सोयाबीन के बीज का अंकुरण परीक्षण कर 70 प्रतिशत से अधिक अंकुरण क्षमता वाले बीजों का उपयोग करें. रोग एवं कीट प्रतिरोधी उपयुक्त ऐसी किस्मों का चयन करें जिनकी जल मांग भी कम हो. इसके लिये कृषि अधिकारियों से परामर्श लेना उपयोगी होगा. धान की बोवाई के लिए श्री पद्धति अथवा सीधी बोवाई अपनाना लाभकारी है. किसानों को वर्षा जल संचय के लिए हर संभव उपाय अपनाना चाहिये.

**निरीक्षण** महुआखेड़ा कलां हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को नोटिस

# विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर एसडीएम हुईं नाराज

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 7 जुलाई. नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है और स्कूलों में प्रवेश के साथ कक्षाएं भी लगने लगी है. सरकार द्वारा निरंतर शिक्षा का स्तर सुधारने के सतत प्रयास जारी है. समय-समय पर जिला एवं ब्लॉक शिक्षाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्कूलों के औचक निरीक्षण से व्यवस्था बनाई जा रही है.**

इसी तारतम्य में एसडीएम प्रियंका भलावी द्वारा शासकीय हाई स्कूल महुआखेड़ा कला एवं शासकीय कन्या शाला, बेगमगंज



का किया औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एसडीएम भलावी ने विद्यार्थियों विशेषतौर पर छात्राओं से रूबरू होते हुए उनका आईक्यू जांचा, शिक्षा से संबंधित कई सवाल पूंछे ओर उनकी उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, स्वच्छता एवं विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया.

शासकीय हाई स्कूल महुआखेड़ा कला में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर विद्यालय प्राचार्य नंदलाल बरकरे एवं शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, पालकों से सतत संपर्क स्थापित करने तथा नामांकित विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश देने के साथ शिक्षा का बेहतर स्तर बनाने और परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत लाने के लिए कहा गया. एसडीएम प्रियंका भलावी ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने ओर घर पर भी पढ़ाई कराने का वातावरण निर्मित किए जाने की अपील की है.

ब्लॉक शिक्षाधिकारी राजेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम महुआखेड़ा कला हाई स्कूल में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर प्राचार्य नंदलाल बरकरे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. आगे से तहसील के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के लिए सभी शाला प्रभारियों को निर्देशित किया गया है. इसके क्रियान्वयन को लेकर औचक निरीक्षण किए जाएंगे.

# सागर के जिपं सदस्य को रिहा करें

**बेगमगंज, 7 जुलाई. सागर जिला पंचायत सदस्य सर्वजीत सिंह लोधी की दो साल पुराने झूठे प्रकरण में सागर पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी की लोधी, लोधा, लोध महासंघ द्वारा घोर निंदा करते हुए सागर पुलिस से तत्काल उन्हें बिना शर्त रिहा करने की मांग की गई है. आक्रोशित लोधी समाज ने पुलिस कार्रवाई पर सवालिया निशान उठाते हुए तत्काल युवा मोर्चा अध्यक्ष की रिहाई निष्पक्ष जांच की मांग की है.**

राज्यपाल के नाम एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में लोधी समाज द्वारा मांग की गई है कि दो साल पुराने किसी मामले में दर्ज झूठे एवं



मनगढ़ंत प्रकरण में सागर पुलिस द्वारा युवा लोधी, लोधा, लोध महासभा युवा मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सर्वजीत सिंह लोधी को दो साल पुराने किसी मामले में गत दिनों गिरफ्तार किया गया है, उन्हें तत्काल छोड़ा जाए. दो वर्ष पुराने मामले का हवाला देकर युवा नेता को गिरफ्तार करके उनकी छवि को धूमिल किया गया है. उक्त झूठे प्रकरण को खत्म किया जाए एवं लोधी समाज के युवा मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष सर्वजीत सिंह लोधी को सम्मान छोड़कर पुलिसकर्मियों को निलंबित किया जाए उनका अपराधियों की श्रेणी से नाम विलुप्त किया जाए. जो षड्यंत्रकारी तत्व है उन्हें अविलंब गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए.